nandgaon times june-11-01.qxd 6/10/2025 11:59 PM Page 1

साय सरकार युक्तियुक्तकरण की आड़... पृष्ठ 2 | लोक संगीतकार खुमान साव को... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


बुधवार, 11 जून 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 231, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# जनजातीय समाज के विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता : मुख्यमंत्री साय

## मंत्रालय में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा, छात्रावासों में सुविधाओं की एकरूपता और गुणवत्ता पर जोर, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने छात्रावास-आश्रम प्रबंधन के लिए नवीन पोर्टल का शुभारंभ किया। साथ ही, आगामी शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रदेश के आश्रम छात्रावासों के संचालन हेतु नई व्यवस्था के अंतर्गत शिष्यवृत्ति एवं भोजन सहायता की पहली किश्त (जुलाई से सितंबर) के रूप में 85 करोड़ रुपए का ऑनलाइन अंतरण भी किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार विशेष पिछड़ी जनजातियों और आदिवासी समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए संकल्पित है। हमारा लक्ष्य है कि इन वर्गों का जीवन स्तर बेहतर हो, वे आत्मनिर्भर बनें और विकास की मुख्यधारा में सम्मिलित हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जनजातीय समुदाय की सदैव चिंता करते हैं और उनके विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। केंद्र सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने हेतु अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पीएम जनमन एवं धरती आबा जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम



जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास और सड़क निर्माण कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया। साथ ही, पीएम जनमन योजना के अंतर्गत शिविरों के माध्यम से हितग्राहियों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र जैसे मूलभूत दस्तावेजों को तैयार करने का कार्य लगातार जारी रखने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने आश्रम-छात्रावासों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहाँ आवश्यकता हो, वहाँ सर्वसुविधायुक्त छात्रावास बनाए जाएं। शौचालय, बेड, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित हो। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आश्रम-छात्रावासों में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं में एकरूपता रहे तथा छात्रावासों की निगरानी के लिए रियल टाइम मॉनिटरिंग सिस्टम को अपनाया जाए। मुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा संचालित क्रीड़ा परिसरों की भी जानकारी ली और बच्चों द्वारा विभिन्न खेलों में अर्जित सफलताओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी 20 क्रीड़ा परिसरों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि खेल प्रतिभाएं और निखरें और खिलाड़ी खेलो इंडिया सहित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

## जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य यहां आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, नक्शा बटांकन,



अतिक्रमण हटाने, पट्टा, भू-अर्जन सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर डॉ. भुरे ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्री मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश के बड़े जिलो के कलेक्टरों पर गिरेगी गाज

**रायपुर।** सुशासन तिहार के दौरान जिन कलेक्टरों के खिलाफ गंभीर शिकायतें मिली थी, उन्हें हटाने के लिए प्रशासनिक कवायद शुरू हो गई है। बताया जाता है बड़े जिलों के 5-6 जिलों के कलेक्टरों पर भी गाज गिरेगी। इधर जिन अधिकारियों को दिल्ली प्रतिनियुक्ति पर भेजा रहा है। उनमें नारडा के सीईओ सौरभ कुमार और आईएस पी अन्बलगन, संस्कृति सचिव एवं उनकी पत्नी डी. अलरमेल मंगई, देव सेनापति को कार्यमुक्त करने के लिए आवश्यक फाइल मुख्य सचिव कार्यालय गई है, लेकिन अभी तक वापिस नहीं आई है। इसलिए उन्हें विभाग द्वारा कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है। सुशासन तिहार के मुख्यमंत्री ने सभी जिलों का दौरा किया था, इस दौरान शिक्षकों की कमी प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं व्यापक शिकायतें आयी थी। मुख्यमंत्री ने शिकायत मिलने पर जमीनी स्तर पर कई अधिकारियों को निलंबित किया था। सुशासन तिहार समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों की समीक्षा कर रहे हैं। बताया जाता है कि कई बड़ जिलों के कलेक्टरों का नाम तय कर लिया गया है। दिल्ली से लौटने के बाद मुख्यमंत्री फिर से कामकाज में सक्रिय हो गए हैं। आज आदिम जाति विभाग की समीक्षा की जाएगी। कल 11 जून कबीर जयंती की छुट्टी होने के पश्चात शीघ्र ही, नया आदेश जारी होनी की संभावना है।

**नारडा को मिलेगा नया सीईओ**

नारडा के सीईओ आईएएस अधिकारी सौरभ कुमार की पदस्थापना नई दिल्ली स्थित रेवेन्यू विभाग के डायरेक्टर के रूप में कर दी गई है। इसलिए यहां पर नए सीईओ की तलाश जारी है। सीईओ का कार्य काफी महत्वपूर्ण होता है। इसके लिए कई आईएएस अधिकारी सक्रिय हैं। बताया जाता है कि हफ्ते के अंदर नया सीईओ नियुक्त किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री ने शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे को दी श्रद्धांजलि: पार्थिव शरीर को कंधा देकर दी अंतिम विदाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण आईईडी विस्फोट में शहीद हुए एएसपी श्री आकाश राव गिरपुंजे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने माना स्थित चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर पहुंचकर शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा शहीद के पार्थिव शरीर को कंधा देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने शहीद श्री गिरपुंजे के शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएँ प्रकट कीं और उन्हें इस कठिन समय में ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद एएसपी श्री आकाश राव गिरपुंजे ने अपने कर्तव्य के प्रति अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमें उन पर गर्व है। सरकार इस दु:ख की घड़ी में उनके परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लगातार हो रही सुरक्षाबलों की सफल कार्रवाइयों से नक्सली बौखलाए हुए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शहीद श्री गिरपुंजे की वीरता और देशभक्ति को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री के साथ इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग श्री मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, शहीद के परिजन, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

## एक ही दिन में खुर्सीपार से दो नाबालिग गुम


**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम खुर्सीपार से एक ही दिन दो नाबालिग बालकों के गुम होने की रपट दर्ज कराई गई है। दोनों बालक अपने घर वालों को बिना बताये स्वयं की मर्जी से घर से कहीं गये हैं या फिर उनको बरगला कर कोई ले गया है, यह जांच का विषय है। दोनों गुम नाबालिग बालकों के पिता ने अलग - अलग पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम खुर्सीपार (नादिया) निवासी मंथराम साहू ने अपने लगभग साढ़े सोलह साल के पुत्र के गुमने की सूचना पुलिस को देते हुए बताया कि घटना 7 जून शनिवार की है। वह सुबह किसी काम के सिलसिले में बाहर गया था, जब दोपहर लगभग साढ़े 11 बजे आकर देखा तो उसका पुत्र घर पर नहीं था। आसपास पूछने पर भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं लगी। शाम तक इंतजार करने के बाद भी जब वह नहीं लौटा तो दूसरे दिन पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। इसी प्रकार ग्राम खुर्सीपार निवासी धर्मेन्द्र साहू का नाबालिग बालक, जो 15 साल 9 माह का है, उसने गांव के ही दुकान तरफसे घूमकर आने की बात कहते हुए गया था। देर शाम तक जब वह नहीं लौटा तो उसके बारे में पतासाजी की गई, तो उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। जिसके बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

# पानी बचाओ महा अभियान के लिए आज शहर में जल यात्रा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पृथ्वी में हो रही जल की कमी को देखते हुए जिले में पानी बचाओ महा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कडी में कल दिनांक 11 जून 2025 बुधवार को राजनांदगांव शहर में नगर निगम द्वारा जल यात्रा निकाली जायेगी। उक्त जल यात्रा पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में गायत्री मंदिर के पास से दोपहर 2:30 बजे निकलेगी यात्रा का समापन गांधी सभागृह मे होगा। समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह जी जल बचाओ अभियान में शामिल होगे। अभियान में सांसद श्री संतोष पाण्डे सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेगे। कार्यक्रम के संबंध में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बताया कि पृथ्वी पर स्वच्छ ताजे पानी की मात्रा दिन-प्रतिदिन घटती ही जा रही है। पानी के कमी के कारण विश्व भर में सूखा, कई तरह की बीमारियां, प्राकृतिक प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही है, परन्तु इस विषय की सबसे दुखद बात यह है कि लोग अभी भी जल संरक्षण के महत्व को लेकर पूर्ण रुप से जागरुक नही हो रहे है। जिसे ध्यान मे रखकर जल संरक्षण के लिए लोगो में जागरूकता लाने जिले भर में पानी बचाओ महा अभियान चलाया जा रहा है। शहर के लोगो को अभियान से जोडने कल दिनांक 11 जून बुधवार को दोपहर 2:30 बजे गायत्री मंदिर से जल यात्रा प्रारंभ होगी। यात्रा गायत्री मंदिर से भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक, जय स्तम्भ चौक होते हुए गांधी सभागृह पहुॅचेगी। महापौर श्री यादव ने बताया कि जल यात्रा पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में महिला समूह की महिलाए कलश एवं जल के महत्व को बताते तक्ती लेकर नगरवासियों से अभियान में जुडने अपील करेगे। उन्होंने कहा कि जल यात्रा के समापन अवसर पर 4 बजे गांधी सभागृह में विधानसभा अध्यक्ष एवं हमारे यशस्वी विधायक माननीय डॉ. रमन सिंह तथा लोकप्रिय सांसद श्री संतोष पाण्डे जी सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अतिथि के रूप में उपस्थित रहेगे। उन्होंने जल बचाओ महा अभियान में कल 11 जून को दोपहर 2:30 बजे गायत्री मंदिर के पास आयोजित जल यात्रा में पार्षदों, जनप्रतिनिधियो, गणमान्य नागरिकों, पत्रकार बंधुओ एवं महिलाओ से उपस्थिति की अपील की है।



**विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में गांधी सभागृह में होगा जल यात्रा का समापन**

nandgaon times june-11-01.qxd 6/10/2025 11:59 PM Page 2



# साय सरकार युक्तियुक्तकरण की आड़ में शिक्षा से कर रही खिलवाड़ : कांग्रेस

## शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में विरोध प्रदर्शन आयोजित, विकासखंड शिक्षा कार्यालय का किया घेराव, सौपा ज्ञापन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 10 हजार से अधिक स्कूलों के युक्तियुक्तकरण का फैसला लिया है। प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के नाम पर किए जा रहे रोजगार विरोधी नीति अपनाकर हजारों युवाओं को बेरोजगार किया जा रहा है जिसके विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा च्शिक्षा-न्याय आंदोलन किया जा रहा है। इसी के तहत 10 जून को शहर जिला कांग्रेस कमेटी व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड शिक्षा कार्यालय का एक दिवसीय घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार युक्तिकरण कर 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर रही है। नये सेटअप के नाम पर स्कूलों में शिक्षकों के न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती करके शिक्षकों के हजारों पद खत्म किया जा रहा है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में एक दिवसीय घेराव प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग किया है कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को यथावत रखते हुए, शिक्षा नीति 2008 का पालन हो तथा प्रदेश में शिक्षकों की नई भर्ती जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित न हो व छत्तीसगढ़ के छात्र-छात्राओं को उच्च स्तर की शिक्षा प्राप्त हो सके। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन ने कहा कि भाजपा सरकार हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की जनता को छलने का प्रयास कर रही है। ये बड़ा ही गंभीर मामला है कि प्रदेश में लगभग 10 हजार से अधिक स्कूल बंद होने वाली है, युक्तियुक्तकरण कर 6000 शिक्षकों की भर्ती को समाप्त कर रही है वहीं स्कूलों में काम करने वाले मध्यांह भोजन, रसोईया, भृत्या व अन्य कार्य कर रहे है उनको भी हटाया जा रहा है इसी तरह



कहा जाए तो लाखों लोगों को बेरोजगारी की ओर धकेल रही है यह सांय सरकार। कुल मिलाकर भाजपा सरकार प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ाने का काम तेजी से कर रही है।जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों में 21 छात्रों के बीच एक शिक्षक है, इन अनुपात को बढ़ाकर 30 छात्र प्रति शिक्षक और इसी तरह मीडिल में 26 छात्र प्रति शिक्षक के रेसियों से बढ़ाकर 35 छात्र प्रति शिक्षक किया जा रहा है। जिससे शिक्षकों के एक तिहाई पद खत्म हो जायेंगे। नये शिक्षकों की भर्तियां न करनी पड़ी इसलिए युक्तियुक्तकरण कर रही साय सरकार। बीएड, डीएड शिक्षित बेरोजगार का भविष्य खतरे में नजर आ रही है। सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षडयंत्र रच रही है और निजी शिक्षण संस्थाओं को अघोषित रूप से लाभ पहुंचाने के लिए शिक्षा नीति का व्यापारीकरण किया जा रहा है।सभा को पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, जितेन्द्र मुदलियार, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पीसीसी प्रवक्ता रूपेश दुबे, पीसीसी महासचिव मेहुल मारू, अंगेश्वर देशमुख, पंकज बांधव, रमेश डाकलिया, शारदा तिवारी, अभिमन्यु मिश्रा, शहर महामंत्री झम्मन देवांगन, निगम नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफअली, सूर्यकांत जैन, रोहित चंद्राकर, रतन यादव, अशोक फ्डनवीस, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, मनीष गौतम, सुजीत बघेल, बबलू कसार, सुरेन्द्र देवांगन, योगेन्द्र वैष्णव, संजय साहू, नीरज कन्नौजे, सागर ताम्रकार ने संबोधित किया। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतबुद्दीन सोलंकी, कमलजीत सिंह पिन्टू, गोपीचंद गायकवाड़, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल, पूर्व जिपं अध्यक्ष चित्रलेखा वर्मा, रौशनी सिन्हा, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, वीरू चौहान, अमिन हुद्दा, जनपद सदस्य मेघराज चंद्राकर, मोहनीश कुमार, महेश साहू, प्रकाश बाफ्ना, खैरूनिशा, प्रतिमा बंजारे, विनय झा, शरद पटेल, महेश यादव, भोला यादव, पूर्णिमा नागदेवे, विशाल गढ़े, प्रियेश मेश्राम, तजेन्द्र वैष्णव, देव साहू, देवशरण वर्मा, हेमशंकर साहू, भोजराम साहू, सुरेन्द्र गजभिए, शेषनाथ, कुंजलाल साहू, अरशद खान, डा.राकेश कुमार, राजा यादव, मेमलाल साहू, शौर्य वैष्णव, चंद्रशेखर मालेकर, शिव देवांगन, गगन, पूर्णेश चंद्राकर, तुंगेश्वर सिंह राठौर, टेकूराम साहू, राहुल गजभिए, संदीप जायसवाल, जितेन्द्र सिन्हा, ललिता साहू, सूरज शर्मा, राहुल देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। उक्त प्रदर्शन में शामिल कांग्रेसजनों का दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने आभार व्यक्त किया।

## मदन साहू के नेतृत्व बी ई ओ दफ्तर घेरने उमड़े कांग्रेसी

**शिक्षा न्याय आंदोलन को छुरिया में मिला अच्छा प्रतिसाद**

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य में भाजपा सरकार के द्वारा स्कूलों के शिक्षकों के लिये लाए गए युक्तियुक्तकरण के विरुद्ध



विपक्ष कांग्रेस का आंदोलन छुरिया में सफल रहा। छुरिया विकासखंड शिक्षाधिकारी का कार्यालय घेरने आंदोलन प्रभारी वरिष्ठ नेता मदन साहू के नेतृत्व में कांग्रेसी बड़ी संख्या में इकट्ठे हुए । श्री साहू ने बताया कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में नया सेटअप के नाम पर किए जा रहे युक्ति युक्तकरण से लगभग 10463 स्कूल बंद किए जा रहे हैं। जिससे छुरिया ब्लाक में लगभग 80 स्कूल बंद हो जाएंगे। इस आदेश के अंतर्गत प्रदेश में लगभग 45000 शिक्षकों क्षपद प्रभावित हो जाएंगे साथ ही स्कूल में कार्यरत रसोइयों, भृत्य, स्वीपर, महिला समूह 16 हित युवाओं के रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा। इस युक्ति युक्तकरण से खासकर अनुसूचित क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक स्तर पर प्रभाव पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी ऐसी युक्ति त्तकरण वाले आदेश का विरोध करती है तथा आपसे अनुरोध करती है कि छत्तीसगढ़ शासन के ऐसे आदेश जिससे यह कि छत्तीसगढ़ के छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हो ऐसे आदेश को तत्काल निरस्त किया जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री भोलाराम साहू विधायक खुज्जी श्रीमती छन्नी साहू पूर्व विधायक खुज्जी रितेश जैन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस छुरिया अब्दुल खान अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा राजकुमार सिन्हा कार्यकारी अध्यक्ष छुरिया चूमन साहू जिला महामंत्री राहुल तिवारी प्रवक्ता नरेश शुक्ला संयुक्त महामंत्री प्रकाश शर्मा प्रकाश मूडघरे श्रीमती कांति भंडारी पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शैलेंद्री सिन्हा गोलू खान पार्षद कन्हैया खोल पूर्व जनपद अमित अग्रवाल भावना अग्रवाल शकील कुरेशी जावेद खान एकनाथ सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके तहत सर्पदंश से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, आग से एक मकान पूर्णत: क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

**शुभांक**

**2-5-6**

**990-8 568-9**

**भाग्यांक**

**125-8 250-7**

## अंतरराष्ट्रीय रेल समपार फाटक जागरुकता अभियान सम्पन्न



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** सोमवार 9 जून को पांचपावली लेवल क्रासिंग फाटक क्रमांक 570,572 फाटक पर श्री दिपक कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबंधक दपुमरे, नागपुर के आदेशानुसार एवं उपस्थिति में और श्री आर के देवांगन नागरिक सुरक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी नेतृत्व में स्काउट एवं गाइड व्दारा नुक्कड़ नाटक करके इस जागरुकता अभियान सप्ताह का समापन किया गया है। अंतरराष्ट्रीय रेल समपार जागरुकता अभियान 3 जून से 9 जून तक नागपुर मंडल में संरक्षा विभाग द्वारा जनहित में जारी किया है सिविल डिफेंस टीम के माध्यम से नागपुर मंडल के समपार लेवल क्रासिंग पर जाकर जनहित को संरक्षा संबंध में जानकारी दी कि जब भी लेवल क्रासिंग कों पार करते समय बरतें सावधानी ,रुकें, दाएं बाएं देखें, सुनें तब लेवल क्रासिंग कों पार करें, रेलवे ट्रैक,लेवल क्रासिंग कों पार करते समय ईयर फोन का उपयोग नहीं करें, और अन्य संरक्षा संबंध में जानकारी दी ।जान है तो जहान है, सुरक्षा हि महान है। आपकी स्वयं की सुरक्षा आपके हाथ में है इस अभियान में श्री आर के लोहिया मंडल संरक्षा अधिकारी, श्री देवेन्द्र बी उईके सिविल डिफेंस निरिक्षक, संतोष ठाकुर एवं अन्य वरि स्वयं सेवक, श्री आलोक



कुभँरे,एन, शुक्ला, कर, गुरनानी संरक्षा सलाहकार, आरपीएफ स्काउट एवं गाइड और अन्य रेलवे कर्मचारियों 55 ने भाग लिया है। मंडल रेल प्रबंधक एवं नागरिक सुरक्षा अधिकारी दपुमरे नागपुर ने सिविल डिफेंस के उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा किया है , और इस कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक ने रु 5000/- अवार्ड घोषित कर दिया है.

## आज से सदगुरु कबीर प्रगट उत्सव लक्ष्मीनगर घुघुवा साल्हे में

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम लक्ष्मीनगर घुघुवा साल्हे में 11 जून को सदगुरु कबीर साहब प्रगट उत्सव कबीरपंथी समाज एवं समस्त



साहू समाज ।ढ्ढ के तत्वाधान मे मनाया जायेगा प्रात 9बजे गुरु महिमा पाठ के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा 11 बजे से सदगुरु कबीर साहेब। का शोभायात्रा आमीन माता कबीर भजन महिला मंडल खुटेरी के समुदुधुर भजनोके साथ होगा शोभायात्रा के बाद खुटेरी वाले आमीन माता कबीर भजन महिला मंडल द्वारा सत्संग प्रवचन होना है दोपहर 3 बजे से खुरसुनी देवरी से वाले साहेब जी का सत्संग का कार्यक्रम आयोजित है संध्या 5 बजे से संध्या पाठ एवं साम 7 बजे से सदगुरु भोजन भंडारा के साथ कबीर प्रगट उत्सव कार्यक्रम का समापन होना है ,सत्संग प्रवचन कार्यकम में श्रेत्र के कबीर से जुड़े अनुयायियों को लाभ लेने का अनुरोध सुरेन्द्र साहू ने की है।

## रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वी जयंती समारोह संपन्न



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ढारा नि , प्र भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल डोगरगढ़ के ग्राम ढारा में पटेल भवन में पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकरजी की 300वी जयंती समारोह के द्वारा आयोजित किया गया आयोजन में मंच पर विराजमान जिला पंचायत उपाध्यक्ष कार्यक्रम के जिला सहसंयोजिका श्रीमती किरण साहू जी जनपद पंचायत डोगरगढ़ के उपाध्यक्ष श्री मान हीरा वर्मा जी ग्रामीण मंडल के पूर्व अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम ,जी तेज लाल वर्मा जी पूर्व महामंत्री कचरू हिरवानी जी लखन जंघेल जी प्रेमलाल वर्मा जी पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती सरला महोबिया जी ग्राम के सरपंच श्रीमती आरती जंघेल जी ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष अनिल सिंनहा जी उपस्थित थे उक्त आयोजन में सर्वप्रथम भारत माता की जयकारा लगाते हुए समस्त अतिथियों एवं कार्यकर्ता द्वारा भारत माता की तैल चित्र पर पूजा अर्चना करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई समस्त अतिथियों व समाज प्रमुखों का स्वागत कार्यकर्ताओद्वारा किया गया तत्पश्चात अतिथियों द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से जुड़ी हुई अन्य गाथाओं का उल्लेख करते हुए साहसिक निर्णय क्षमता का विस्तार पूर्वक सारगर्भित शब्दों से संबोधित किया गया साथ ही नव नियुक्त संगठन के पदाधिकारीयों को बधाई दी गई कार्यक्रम के जिला संयोजिका श्रीमती साहू जी एवं दोनों पूर्व मंडल अध्यक्ष व महामंत्री द्वारा उद्बोधन स्वरूप अपने अपने विचार रखें कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल डोगरगढ़ के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधु एवं कार्यकारिणी सदस्य सहित अन्य समाज उपस्थित थे कार्यक्रम का आभार व्यक्त ग्राम के सरपंच महोदया ने की सफल संचालन मंडल के महामंत्री रवि यादव द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल के दूसरे महामंत्री धर्मचंद वर्मा उपाध्यक्ष बलदेव सिन्हा जी श्रीमती प्रतिमा खरे जी श्रीमती नीरजा छेदैया जी मंडल मंत्री मनोज कुमार वर्मा जी मानिक सेन जी श्रीमतीउर्मिला कंवर जी श्रीमती वृंदा वर्मा जी कोषाध्यक्ष श्री नामदेव साहू जी सह कोषाध्यक्ष कमल नारायण कंवर मीडिया प्रभारी राघवेंद्र वर्मा जी वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैया वर्मा श्री रेखराज वर्मा जी राजकुमार सेन जी मुरारी वर्मा जी मुरली गेडाम जी लखन देश लहरें जितेंद्र गेंडे हरदेव वर्मा बोधन साहू हरि निषाद हितेश्वर वर्मा अंजोरी ठाकुर तेजराम छेदैया झुलेनद वर्मा सहित समाज के प्रमुख उपस्थित थे।

## जनता भाजपा की हितैषी : भाजपा जनता की - शिव वर्मा

### कहा - कांग्रेस को उसके किये की सजा चुनाव में बार बार मिलती है

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि भाजपा को जनता बार बार चुनती है । कांग्रेस को बार बार नकारती है तो इसके पीछे की सच्चाई छुपी है ।वह यह कि भाजपा नींद में भी जनता की भलाई के सपने देखती है और कांग्रेस जागकर भी जनता का भला नहीं चाहती । श्री वर्मा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार को स्थायित्व मिला हुआ है। छत्तीस गढ़ सहित अधिकतर राज्य में भाजपा की सरकार शासक भाव से नहीं सेवक भाव से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 से केंद्र की सत्ता संभालते देश के विकास में अहम योगदान है। उनके लगातार 11 साल के कार्यकाल में देश में अनेक विकास कार्य हुए हैं। उनकी बड़ी संख्या में योजनाएं देश की जनता का भाग्य सवार रही है। देश में करोड़ों गरीब रियायती और निशुल्क राशन सामग्रियां लेकर बहुत खुश है। वही लाखों गरीब जो झुग्गी झोपड़ी में रहा करते थे। उन्हें



पक्का घर नसीब हो गया है। परिवहन सेवाएं आज इतनी विकसित हो गई है कि बरसात में एक गांव से दूसरे गांव और शहर का संपर्क बहुत कम टूटता है। जम्मू कश्मीर में धारा 370 खत्म करना पाकिस्तान को उसके आतंकवाद का करारा जवाब देना नक्सलवाद को खात्मे के करीब पहुंचा देना। जम्मू कश्मीर में पहाड़ पर ट्रेन चला देना यह सब मोदी राज में ही संभव हो सका है। सोंचो जरा कि कांग्रेस का शासन काल चलते रहता तो देश जितनी तेजी से विकास कर रहा है उतनी तेजी से पतन में जाते रहता। छत्तीसगढ़ राज्य में ही देख ले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में राजनांदगांव की सड़कों का खस्ताहाल होकर धूल उड़ रही थी। इससे पहले डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब राजनांदगांव चमन हो सकता था अब विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री रहते राजनांदगांव की विकास गति वंदे भारत एक्सप्रेस की तरह रफ्तार पकड़ ली है।

## विषय बदल कर दी पोस्टिंग, बीईओ के विरूद्ध हुई शिकायत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा विभाग द्वारा अतिशेष शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया गया है, जिसमें बहुत ज्यादा गड़बड़ी की लगातार जानकारियां सामने आ रही है। कैसे अधिकारियों ने नियम निर्देशों को ताक पर रखकर अपने चहेतों को अनुचित लाभ पहुंचाया। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने संभागीय आयुक्त और कलेक्टर को लिखित शिकायत कर यह बताया है कि कैसे कला की शिक्षिका को विज्ञान की शिक्षिका बताकर उनका नाम अतिशेष सूची में शामिल कर मनचाहे स्कूल में पोस्टिंग दिया गया है।श्री पॉल के अनुसार श्रीमती अनिता भोर जो कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, ठाकुर प्यारे लाल स्कूल, जिला राजनांदगांव में विगत



10 वर्षो से पदस्थ थी, जो कला विषय की शिक्षिका थी, क्योंकि उसके वरिष्ठता सूची में उनका विषय कला उल्लेखित है, यानि उनका मूल विषय कला है, उसे विज्ञान की शिक्षिका बता कर उनका नाम अतिशेष सूची में शामिल कर उन्हें मनचाहे स्कूल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, मोतीपुरी, जिला-राजनांदगांव में पदस्थ कर दिया गया है। श्री पॉल का कहना है कि कला शिक्षिका को विज्ञान शिक्षिका बताकर मनचाहे स्कूल में पोस्टिंग देना एक गंभीर मामला है, जो शिक्षा प्रणाली में अनियमितता और गलत व्यवहार को दर्शाता है, अधिकारियों से इस प्रकरण की जांच कर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, राजनांदगांव धनीराम देवांगन को निलंबित करने की मांग किया गया है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**

**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग)**

ईमेल ee.pwd-mmac@cg.gov.in

दर आमंत्रण विज्ञप्ति क्रमांक/1039/टेन्ट/1337/2025-26 मो.मा.चौकी दिनांक 30/05/2025

छत्तीसगढ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग संभाग मोहला-मानपुर-अं.चौकी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के दौरान समय-समय पर आवश्यक टेन्ट/शमियाना कार्य के दिये पंजीकृत संस्थान (शॉप एक्ट पंजीयन एवं जी.एस.टी. पंजीयन) से निविदा प्रपत्र-बी (आयटम दर निविदा) मे निविदाए आर्मत्रित की जाती है।

1. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 19/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 26/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 27/06/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक

| | |
|---|---|
| अमानत राशि- | रू. 2,00,000/- (अनुसूचित बैंक का एफडी.आर.) |
| स्वीकृत दर - | दिनांक 31.03.2026 तक के लिए मान्य होगा। |
| निविदा प्रपत्र मूल्य - | रू. 750/- |
| दर अनुसूची - | अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग मंडल दुर्ग का ज्ञाप कं. 1916/सा/2022 दुर्ग दिनांक 13.03.2023 द्वारा स्वीकृत दर (टेन्ट. शमियाना हेतु) अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग (वि/यां) रायपुर मंडल रायपुर का ज्ञाप कमांक 2015/सा/विविध-09/2018-19 दिनांक 27.10.2021 द्वारा स्वीकृत दर (माईक, लाईट हेतु) (उपरोक्त दर जी.एस.टी. सहित है) |

**टीप:** शेष नियम एवं शर्ते कार्यालय से प्राप्त करे।

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. (भ/स) संभाग**
**मोहला-मानपुर-अं.चौकी**

जी - 252601420/4



**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)**

**धारा 6 (2) देखिये**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि पक्षकारगण आवेदक सरेश कुमार मेहत्तर (तलाकशुदा आ. नंदेश्वर आ. माता-परबता बाई उम्र 49 वर्ष निवासी गौतम बुद्ध वार्ड माता रमा आई कॉलोनी कभरे नगर गोंदिया तहसील व थाना-गोंदिया जिला-गोंदिया (महाराष्ट्र) एवं आवेदिका तामेश्वरी चौधरी पत्ति स्व. श्री अरविन्द समुन्द्रे पिता स्व लालाराम चौधरी माता जामुन चौधरी उम्र 37 वर्ष निवासी इंदिरा नगर वार्ड नंबर 05 डोंगरगढ़ तहसील व थाना-डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ0ग0) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (कमांक 4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है। प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 23/06/2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

**जारी दिनांक:-15/05/2025**
**पेशी तारीख : 23/06/2025**

सील

अपर कलेक्टर
एवं जिला विवाह? अधिकारी
राजनांदगांव ( छ. ग.)



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

**!! ईश्तहार !!**

रा.प्र.क 202506092100003 अ/20 (1) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेरा कदम पिता स्व.श्री जनजीवन कदम आयु 31 वर्ष जाति-कुर्मी, निवासी नया थाना चौक, जेल रोड, पीएचई ऑफिस के पीछे डोंगरगढ़ तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ0ग0) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के दादा श्री बिसौहा कदम पिता नंदलाल कदम के आधिपत्य एवं स्वामित्व में शहर डोंगरगढ़ के भुखंड क. 411 एवं 418/1 में से 481 वर्गमीटर एव भूखंड के. 269 में से आवास क 49 / व क्षेत्रफल 48 वर्गमीटर का आवासीय पट्टा प्राप्त हैं जिसका रा.प्र.क. 02 अ/20 (1) 1 वर्ष 1988-89 दिनांक 15.06.1989 एव रा.प्र.क. 15 अ/20 (1) (1) वर्ष 1987-88, दिनाक हैं। आवेदक के दादा बिसौहा कदम का निधन दिनांक 13.11.2008 को हो चुका हैं। मेरे दादा एव परिवार के किसी भी सदस्यों के व्दारा भुलवश उक्त पट्टे का नवीनीकरण नहीं हो पाया है। उक्त पटटे का नवीनीकरण एव फौती नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति अथवा पेश करना हो तो दिनांक 30/06/2023 तक मेरे न्यायालय में न्यायालयीन समय के अंदर स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति या उजर पेश कर सकता है, नियत समय बाद प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से आज दिनांक 02/06/2025 को जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.)
डोंगरगढ़



**न्यायालय नायब तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय मे मामला क्रमांक:**
202506095000005
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025
विषय:- ब-121
बागरेकसा प.ह.न. 00006 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार दशरथ,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक दशरथ पिता देवलाल जाति सोनी, निवासी डोगरगढ़ कृषक ग्राम बागरेकसा तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक के द्वारा ग्राम बागरेकसा स्थित भूमि ख.नं. 294 रकबा 4.07ए./1.647हे. भूमि स्थित है। जिसे आवेदक द्वारा दिलीप कुमार पिता धरमूराम, बुधन्तीन पति धरमूराम जाति महार निवासी बागरेकसा वाले से दिनांक 22.02.2012 को उप पंजीयक कार्यालय डोगरगढ़ से क्रय किया गया है। जिसका आवेदक को ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ है। उपर्युक्त भूमि के वर्तमान आनलाईन नक्शा, खसरा, बी-1 में चैनसिंग का नाम दर्ज है, जो त्रुटिपूर्ण है। अतः ग्राम बागरेकसा स्थित भूमि ख.नं. 294 रकबा 4.07ए/1.647हे. भूमि को आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 16.06.2025 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
लाल बहादुर नगर



**// न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगांव जिला-राजनांदगाँव //**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महावीर एसोसिएट्स पार्टनर विनोद बोहरा, विकास बोहरा, राहुल बोहरा, रोशन बोहरा चारो आ. जेठमल बोहरा, निवासी सनसिटी कालोनी कंचनबाग लखोली, राजनांदगाँव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम लखोली, प.ह.नं. 42, तहसील व जिला-राजनांदगाँव स्थित भूमि खसरा नंबर 207/1, 207/3, 209/1, 209/2, 210/1, 210/2, 211/1, 211/2 212/1, 212/2, 213/1, 213/2, 214/4, 214/1, 217/2, 219/2, 236/43, कुल खसरा नंबर-17, कुल रकबा 2.2920हे.. भूमि का खसरा संविलियन किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 20/06/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 04/06/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनॉक :- 4/06/2025
पेशी दिनॉक :- 20/06/2025

सील

तहसीलदार
राजनांदगाँव

## ज्ञान मंथन

1) कौन सा भारतीय राज्य एआई-आधारित वास्तविक समय वन चेतावनी प्रणाली शुरू करने वाला पहला राज्य बन गया है?
2) कौन सा बंदरगाह भारत का पहला समर्पित गहरे पानी के कंटेनर ट्रांसशिपमेंट हब बन गया है?
3) विश्व आर्थिक मंच की स्थापना किसने की?
4) जेड़-मोड़ सुरंग किस राजमार्ग से होकर गुजरती है?
5) पद्मश्री से सम्मानित 129 वर्षीय किस योग गुरु का हाल ही में निधन हो गया?

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) मध्यप्रदेश (2) विझिनजाम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह (3) क्लाउस श्रवाब (4) एनएच-1 (5) शिवानंद बाबा

# लोक संगीतकार खुमान साव को उनकी जन्म भूमि खुर्सीटिकुल में याद किया गया

## वैचारिक संगोष्ठी के साथ ही गीतों भरी श्रद्धांजलि दी गई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव ब्लाक के खुर्सीटिकुल में खुमान साव संगीत अकादमी और शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव के संयुक्त तत्वावधान में लोक संगीतकार खुमान साव की 6 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। लोक संगीतकार और खुमान साव संगीत अकादमी के संस्थापक गोविंद साव के संयोजन में आयोजित खुमान साव व्याख्यानमाला के मुख्य अतिथि प्रभात तिवारी अध्यक्ष, प्रगतिशील लेखक संघ राजनांदगांव थे एवं अध्यक्षता कुबेर सिंह साहू वरिष्ठ साहित्यकार, संरक्षक साकेत साहित्य परिषद सुरगी ने की। प्रभात तिवारी ने कहा कि खुमान साव ने छत्तीसगढ़ी लोक संगीत को एक नई दिशा दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ की माटी का मान पूरे भारतवर्ष में बढ़ाया। कुबेर सिंह साहू ने कहा कि खुमान साव बहुत ही अनुशासनप्रिय शख्स थे।वे बाहर से कठोर दिखते थे पर अंदर से बहुत नरम थे। कलाकारों की भूल को भी वे इस तरह से बताते थे कि उनको गलती का अहसास हो जाये और बुरा भी न लगे। उन्होंने संगीत साधना से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की खुशबू को बिखेरने में महती योगदान दिया। वरिष्ठ कवि



वीरेन्द्र कुमार तिवारी वीरू ने कहा कि खुमान साव जी कला के पारखी थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोक संगीत में अपनी मौलिकता से परचम लहराया। शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव के अध्यक्ष महेंद्र कुमार बघेल मधु ने कहा कि खुमान साव जैसी शख्सियत के साथ वर्ष 2015 में साकेत साहित्य सम्मान पाकर मैं धन्य हो गया। उनका सान्निध्य मिलना साकेत साहित्य परिषद के लिए बहुत ही गौरव की बात है। वे एक बेजोड़ संगीतकार है। ओमप्रकाश साहू अंकुर, अध्यक्ष साकेत साहित्य परिषद सुरगी ने कहा कि खुमान साव ने सैकड़ों कलाकारों की प्रतिभा को तराश कर उन्हें लोकप्रियता की बुलंदियों तक पहुंचाया। नाचा के पितामह मंदराजी दाऊ और चंदैनी गोंदा के सर्जक दाऊ रामचंद्र देशमुख के साथ काम कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सभा को लोक संगीतकार गोविंद साव,डा. इकबाल खान अध्यक्ष, वनांचल साहित्य समिति मोहला, केशव राम साहू सेवानिवृत्त प्राचार्य खुर्सीटिकुल, जीवन लाल साव वरिष्ठ नागरिक, मोहित साव वरिष्ठ नागरिक , रोहित कुमार तारम वरिष्ठ लोक गायक एवं साहित्य कार, मंच संचालक मुरलीशरण दास वैष्णव ने संबोधित करते हुए लोक संगीत के क्षेत्र में खुमान साव के योगदान का स्मरण किया। तारम ने अपनी लोकगायकी से एक अलग ही क्षमां बांधा ? । इस अवसर पर अनिल कसेर उजाला, मनीष साहू मन, गोवर्धन परतेती गंभीर, मुकेश कुमार शुक्ला, श्रीमती सुषमा शुक्ला, जसवंत मंडावी, कन्हैया लाल मेश्राम, डोहर दास साहू ने अपनी गीतों और कविताओं के माध्यम से लोक संगीत सम्राट को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का सरस संचालन मुरलीशरण दास वैष्णव एवं आभार व्यक्त खुमान साव संगीत अकादमी के संस्थापक गोविंद साव ने किया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक दीपक राजू,सुनील साव,गुणेन्द्र साव ,विवेक साव, गणेश साहू सहित अन्य कलाप्रेमी जन उपस्थित थे।

# अर्जुनी ढाबा में मारपीट 5 के विरूद्ध अपराध दर्ज

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंचल के प्रमुख ग्राम अर्जुनी में जबसे सरकारी शराब दुकान खुली है, तब से क्राइम की घटनाएं बढ़ गई है। शराब के नशे में वाद विवाद, मारपीट, चाकू निकालने की घटनाएं आम बात हो गई है। अब कुछ लोगों ने ढाबे के आासपास शराबखोरी से मना करने पर न सिफढाबा मालिक के साथ गाली गलौच की, वरन् ढाबा कर्मचारियों को जमकर पीटा और ढाबे में तोडफ़ोड़ की घटना को भी अंजाम दे दिया।

### शराब पीने से मना करने पर ढाबा में तोडफ़ोड़ भी जान बचाकर भागा ढाबा मालिक

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार घटना रविवार शाम लगभग साढ़े 6 बजे की है। अर्जुनी में स्टेट हाइवे किनारे भाई दा ढाबा है, जिसके मालिक नागेश्वर साहू हैं। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट अनुसार ढाबा मालिक रविवार को शाम ढाबा पहुंचा तो देखा कि ढाबे के बाजू निर्माणाधीन एक कॉम्प्लेक्स में बैठकर कुछ लोग शराब का सेवन कर रहे थे। उनको मना करने पर शराब सेवन कर रहे लोग उत्तेजित हो गये और उनके साथ गाली गलौच कर मारपीट को उतारू हो गये। जिसके बाद वह वापस ढाबा आ गया, तो उसके पीछे आरोपीगण भी उसके पीछे पीछे ढाबा आ गये, तब वे अपने हाथ में डंडा व लोहे का राड आदि रखे थे। ढाबा आकर भी वे गाली गलौच करते हुए विवाद करने लगे तो ढाबा कर्मचारियों ने उन्हें रोका, तो वे ढाबा कर्मचारियों के साथ उन्होनें हाथ, मुक्का, लाठी तथा लोहे के राड से मारपीट की। वह किसी तरह जान बचाकर बाहर की ओर भागा। इतने पर भी जब मन नहीं भरा तो आरोपियों ने ढाबा में तोडफ़ोड़ की तथा ढाबा के रसोई में काम कर रहे एक अन्य व्यक्ति को भी जमकर पीट दिया। कुछ देर हंगामा मचाने, मारपीट करने तथा तोडफ़ोड़ करने के बाद सभी आरोपी भीड़ बढ़ता देख वहां से चले गये। इस घटना में ढाबा कर्मचारी चुन्नीलाल हटीले के सिर, कंधा, जांघ आदि में तथा विजय चौहान के सिर एवं कंधा, ईश्वर साहू के दाहिने हाथ एवं चेहरे में चोट आई है। ढाबा मालिक ने आरोपी कली निषाद, उमेश साहू, महेत साहू, खिलेन्द्र निषाद, मोनू निषाद एवं कुछ अन्य लोगों के विरूद्ध रात में ही थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 115(2), 191(2), 296, 324(4) तथा 351(2) के तहत् मामला दर्ज जांच में लिया गया है।



## निधन

**श्रीमती विमला देवी श्रीवास्तव**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गांधी चौक, सोनारपारा निवासी श्रीमति विमला देवी श्रीवास्तव धर्मपत्नी स्व. आर.एन.श्रीवास्वत का मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शाम 4 बजे निवास स्थान से निकाली जाएगी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अमित श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव व अनुज श्रीवास्तव की मां थीं।

# साझा मंच ने सभी 33 जिलों में भ्रष्ट अधिकारियों की दस्तावेज सहित खोली पोल

## संचालक मंडल की दहाड़, अन्याय बर्दास्त नहीं, युक्त युक्तिकरण रद्द कर 2008 का सेटअप लागू हो

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** युक्त युक्तिकरण में हुए व्यापक धांधली, अनियमितता, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और प्रशासनिक दादागिरी के खिलाफ आज प्रदेशभर के शिक्षकों का गुस्सा सड़क पर दिखा।



प्रदेश संचालक जाकेश साहू ने बताया कि शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ ने आज राज्य के सभी 33 जिला मुख्यालयों में मुख्यमंत्री के नाम सभी जिला कलेक्टरो को ज्ञापन सौंप कर युक्तयुक्तिकरण में हुए व्यापक भ्रष्टाचार, अनियमितता, भाई-भतीजाबाद एवं धांधली के आरोपी सभी डीईओ एवं सभी बीईओ को बर्खास्त कर उन पर धोखाधड़ी एवं शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के आरोपो में एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने की मांग की है। शिक्षक साझा मंच के सभी 23 प्रदेश संचालकों ने आज बलरामपुर से लेकर सुकमा तथा राजनांदगांव से लेकर महासमुंद तक सभी जिलों में अधिकारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की पूरे प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य सहित पोल खोल कर रखा तथा सभी जिलों में रैली निकालते हुए राज्य सरकार, जिला प्रशासन एवं सभी भ्रष्ट विभागीय अधिकारियों के खिलाफजमकर नारेबाजी की। बस्तर संभाग के कोंडागांव जिले में बस्तर टाइगर प्रदेश संचालक केदार जैन ने भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफसिंह गर्जना करते हुए विसंगतिपूर्ण युक्तयुक्तिकरण को तत्काल रद्द करने की मांग की। यहां सभी जिला संचालकों के साथ शिक्षक नेता केदार जैन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर युक्तियुक्तकरण को तत्काल रद्द कर 2008 का सेटअप लागू करने की मांग की। इसी प्रकार बिलासपुर में प्रदेश संचालक मनीष मिश्रा, संजय शर्मा और भूपेंद्र बनाफर ने मांगों के संदर्भ में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन की इसी जिला कड़ी में राजधानी रायपुर जिला मुख्यालय में प्रदेश संचालक वीरेंद्र दुबे एवं राजनारायण द्विवेदी ने अपने साथी शिक्षकों के साथ कलेक्टर परिसर में नारेबाजी करते हुए संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। दुर्ग जिले में साझा मंच के प्रदेश संचालक विकास राजपूत, जाकेश साहू, धर्मदास बंजारे एवं विष्णु प्रसाद साहू की अगुवाई जिले के शिक्षकों ने स्थानीय राजेंद्र पार्क में एकत्रित होकर सबसे पहले संबंधित सभी पीड़ित शिक्षकों से उनकी समस्याएं सुनी, सभी से आवेदन लिया गया, फिर मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इसी प्रकार कोरबा में गिरीश केशकर, कवर्धा में कमलदास मूरचले, सारंगढ़ में लैलूंन कुमार भरद्वाज, प्रदीप कुमार लहरे, मोहला में शंकर साहू, बलौदाबाजार में विक्रम राय, चेतन बघेल, इसी प्रकार प्रदेश संचालक प्रदीप पांडे, भूपेंद्र गिलहरे, अनिल टोप्पो आदि ने अलग-अलग जिलों में रैली का नेतृत्व करते हुए ज्ञापन सौंपा।

# युक्तियुक्तकरण शिक्षकों के हाथ काटने का निंदनीय सरकारी प्रयास : संतोष पिल्ले

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम नेता प्रति पक्ष संतोष पिल्ले ने भाजपा सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में चलाए जा रहे



युक्तियुक्तकरण को भविष्य निर्माता शिक्षको के हाथ काटने वाला निंदनीय प्रयास बताया और कहा कि इस शिक्षा विरोधी कदम से प्रदेश के 45 हजार शिक्षकों के पेट में लात पड़ जाएगा। कम दर्ज संख्या के नाम पर स्कूले बंद हो जाएगी। इससे स्कूल में काम करने वाले मृत्यु से लेकर बच्चों को मध्याह्न भोजन खिलाने वाले रसोईए कहीं के नहीं रहेंगे। श्री पिल्ले ने बताया कि भाजपा की यह सरकार यह काम पहले बार नहीं कर रही पूर्व में सीएम डॉ रमनसिंह के समय भी यही हुआ है। श्री पिल्ले ने भाजपाइयों से यह पूछा कि आखिर शिक्षकों के साथ ऐसा अन्याय क्यों,, ? उस समय भी साढ़े तीन हजार स्कूलें व 12 हजार शिक्षकों के शिक्षकों पद को समाप्त कर दिया गया था। अब पुन: उसी ढर्रे पर विष्णु देव साय की सरकार चलते हुए शिक्षकों ,रसोइए, स्व- सहायता समूह की बहनें,चपरासी, चौकीदार आदि के पेट में लात मारने तुली हुई है।

**शिक्षको के पेट में लात न मारें सरकार**

श्री पिल्ले ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शिक्षकों पर हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं करेगी और इसके विरोध के लिए जमीन पर उतर कर प्रभावित शिक्षकों को लामबंद करते हुए सरकार के ईंट से ईंट बजाने का काम करेगी।

# संकल्प से सिद्धि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 11 साल बेमिसाल पर कार्यशाला संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 11 साल बेमिसाल संकल्प से सिद्धि पखवाड़ा कार्यक्रम मानने का रही है, इसी कड़ी में जिला भाजपा द्वारा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में वृहद कार्यशाला का आयोजन जी ई रोड स्थित भाजपा कार्यालय में किया गया। भाजपा संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत भाजपा 9 जून से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है, जिसके तहत कार्यशाला ,योग दिवस सहित अन्य कार्यक्रमों से लेकर जनता के बीच पहुंचकर विभिन्न कार्यक्रम करने की योजना भाजपा ने तय की है ।

इसी कड़ी में आज जिला भाजपा ने कार्यशाला का आयोजन किया, उक्त कार्यशाला में आज जिला भाजपा कार्यालय मे मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवननी उपस्थित रहे, साथ ही राम जी भारती ,प्रदीप गांधी,सौरभ कोठारी,रविंद्र वैष्णव ,शशिकांत द्विवेदी,तरुण लहरवानी,किशुन यदु,सुमित भाटिया,मनोज साहू,अमित जैन,खिलेश्वर साहू, चंद्रिका डडसेना,जसमीत बन्नोआना,

किरण वैष्णव,गीता साहू,किरण साहू,आभा तिवारी ,रघुवीर वादवा, विनोद खांडेकर अन्य वरिष्ठ नेता गण उपस्थित थे ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया उसके पश्चात संगठन गीत कार्यक्रम सहसंयोजक जागृति यदु और अनीता ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

**विकसित भारत का संकल्प हमारा प्रण है और यही संकल्प सिद्धि करने हेतु भाजपा कार्यकर्ता जुट जाएं ---- भूपेंद्र सवनी**

मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवनंनी ने कहा कि संकल्प का जब ध्यान आता है तो रावी नदी के तट पर संकल्प लिया गया था जिन्होंने रावी का जल उठा कर संकल्प लिया था कि हम स्वतंत्रता सहित अपने विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेंगे यह हमारा प्रण है । लेकिन आजादी के दिन बाजे गाजे ने उस संकल्प की महत्ता को कमजोर कर दिया साथ ही ठीक उसी दिन भारत से उनका बहुत ही महत्वपूर्ण अंग काटकर पाकिस्तान बनाया गया , हमारे तमाम सनातन और सिक्ख समुदाय सहित अन्य समुदाय के प्रमुख तीर्थ भी पाकिस्तान में चले गए , आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही एक ऐसे प्रधानमंत्री बने जिन्होंने चुनौतियों को स्वीकार किया और तमाम कठिनाइयों को लांघते हुए विकसित भारत के संकल्प का बीड़ा उठाया आज हम उस ओर आगे बढ़ रहे हैं और दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर दुनिया की सबसे समृद्ध और विकसित सेना बन रहे हैं । लगातार सतत कार्य करने की भावना हमारे मूल में हैं हमारे संगठन ने सदैव हमें जन हितों और राष्ट्र निर्माण के लिए सतत कार्य करने की शिक्षा दी भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधे मिलाकर विकसित भारत के संकल्प को साधने लगातार अथक परिश्रम कर रहा है । उन्होंने पहलगाम की घटित घटना का जिक्र करते हुए कहा कि धारा 370 के खात्मे के बाद कश्मीर में बढ़ते विकास से बौखलाया दुश्मन देश पाकिस्तान नापाक हरकत पर उतारू हुआ और कश्मीर में व्याप्त शांति के समाप्त करने का कुत्सिक प्रयास किया जिसमें हमारे 27 बेगुनाह भारतीय शहिद हो गए लेकिन हमारी सेना और सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान से पोषित आतंकवाद को और पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया , साथ ही हमने कूटनीतिक रूप से पाकिस्तान को पूरी दुनिया में बेनकाब कर अलग थलग कर दिया। हमारे जवान केवल भारतीय सीमा पर आतंकवाद से नहीं लड़ रहे थे अपितु उसी समय हम आंतरिक आतंकवाद से भी मुस्तैदी से लड़ रहे थे और बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों में मारे गए नक्सली इसका दृश्य उदाहरण है । हमारे प्रधानमंत्री विकसित भारत के लिए दृण संकल्पित हैं और वैश्विक रूप में भारत की बढ़ती स्वीकार्यता इसका सर्वोत्तम उदाहरण हैं एप्पल जैसी वैश्विक कंपनी दबाव के बावजूद भारत में अपने निवेश को सुरक्षित और बेहतर मानते हुए अपना निवेश जारी रखने की बात कहती है और साथ ही साथ भारत अब दुनिया के सबसे बड़े निर्यातक के रूप में तेजी से ऊबर रहा है । और यही हमारे शीर्ष नेतृत्व से लेकर संगठन तक का संकल्प है कि हमें हमारे भारत को विकसित और श्रेष्ठ बनाने का संकल्प लेकर चलना है और उसे पूर्णता तक लेजाकर सिद्ध करना है । संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत हमें संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का दायित्व दिया गया जिसको विस्तार से भूपेंद्र सवनी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को समझाया उन्होंने आगामी संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम पखवाड़े की विस्तृत जानकारी देते हुए 9 जून से लेकर 21 जून तक भाजपा द्वारा किए जाने वाले कार्यकम का पूर्ण ब्यौरा कार्यकर्ताओं को दिया ।

**पहलगाम के जवाब ने भारत के गौरव को बढ़ाया - सचिन बघेल**

इस अवसर पर केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने कहा कि 11 वर्ष के मोदी शासन काल में सर्वाधिक गौरव का अवसर तब रहा, जब पहलगाम के जवाब में भारत में 11 आतंकवादी ठिकानों पर एक साथ मात्र 22 मिनट में स्वदेशी मिसाइल के माध्यम से आतंकवादियों को आपरेशन सिंदूर के माध्यम से नेस्ताबूत कर दिया, जिससे पूरा विश्व चमत्कृत हो गया, सभी ने भारत की इस प्रतिभा का लोहा माना और भारत का गर्व बढ़ गया।इसके पूर्व अभियान के संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री राम जी भारती ने बताया कि संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत 13 जून को सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी और साथ ही प्रदर्शनी तथा प्रोफेशनल मीट का कार्यक्रम आयोजित है। 12 से 14 जून तक सभी मंडलों में मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की जाएगी।

## धर्म समाचार....

# कब और कैसे हुई वेदों की उत्पत्ति? यहां जानें धार्मिक महत्व

आदित्यपुराण का कथन है कि ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा को तिल दान करने से अश्वमेध यज्ञ का पुण्य मिलता है जबकि विष्णुशुद्धि ग्रंथ में कहा गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति श्रद्धाभक्तिपूर्वक ज्येष्ठीपूर्णिमा को छाता जूता तिल सत्तू जल का घड़ा जो जलपूरित हो तथा पंख खस चंदन आदि का दान करता है वह भगवान विष्णु की प्रीति को प्राप्त कर लेता है।

प्रो. गिरिजा शंकर शास्त्री (अध्यक्ष, ज्योतिष विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय)। भारतीय मनीषियों ने कालगणना के प्रसंग में चान्द्रमास के अन्तर्गत चैत्रादि बारह मासों को निश्चित किया है, जिसमें तीसरे मास के क्रम में ज्येष्ठमास आता है। यह संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से ज्येष्ठा नक्षत्र में अण् प्रत्यय के योग से ज्येष्ठ मास बनता है, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है सबसे बड़ा मास या प्रशस्त मास। यह मास सभी मासों में बड़ा है। बड़ा होना इस दृष्टि से है कि पृथ्वीवासियों को भगवान सूर्य की सर्वाधिक ऊर्जा (प्रकाश) इसी माह में प्राप्त होता है। यह मास सूर्य के उत्तरायण का अंतिम मास है तथा इसी मास में दिनों की वृद्धि सर्वाधिक होती है तथा रात्रियां अत्यधिक छोटी हो जाती हैं। इस मास में सूर्य का सौम्यायन के साथ साथ सौम्य गोल में रहना भी होता है। वृष राशि के सूर्य अपने प्रचंड ताप से सभी जीव-जंतु ही नहीं वृक्ष, वनस्पति एवं अन्यान्य जगत के लोग भी त्राहि त्राहि करने लगते हैं। महाकवि कालिदास कहते हैं ङ्क

प्रचण्डसूर्य: स्पृहणीय चन्द्रमा:




सदावगाहक्षतवारिसंचय: ।

दिनान्तरम्योऽभ्युपशान्तमन्मथो निदाघकालोऽयमुपागत: प्रिये।। अर्थात् सूर्य की प्रचण्डता से दिन में लोग छिप जाते हैं। रात्रि में चन्द्रमा सुहावना हो जाता है। गहरे ठंडे जल में स्नान सुखद लगता है, कामदेव शिथिल हो जाते हैं। लौकिक जगत में ज्येष्ठ मास के प्रत्येक मंगलवार को हनुमानजी के भक्त दर्शन करने हनुमान मंदिर में जाते हैं। ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा दो प्रकार की होती है। सामान्य पूर्णिमा तथा महाज्येष्ठी पूर्णिमा। जब बृहस्पति एवं सूर्य रोहिणी नक्षत्र में पड़े तथा चंद्रमा ज्येष्ठा नक्षत्र में हो तब उसे ही महाज्येष्ठी पूर्णिमा कहा जाता है।

वर्षकृत्य में ज्येष्ठपूर्णिमा मन्वादि तिथियों के अंतर्गत मानी गई है। काल विवेक नामक ग्रंथ में कहा गया है कि वेदों की उत्पत्ति भी ज्येष्ठमास की पूर्णिमा को ही हुई थी। संतकवि कबीरदास जी का जन्म इसी ज्येष्ठपूर्णिमा को ही हुआ था। पुराणों के अनुसार, ज्येष्ठमास की पूर्णिमा को ही हिमालय के मानसरोवर से सरयू नदी का प्राकट्य हुआ था। इस तिथि को भगवान जगन्नाथ जी का जलाभिषेक किया जाता है। जलयात्रा भी निकाली जाती है। आदित्यपुराण का कथन है कि ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा को तिल दान करने से अश्वमेध यज्ञ का पुण्य मिलता है, जबकि विष्णुशुद्धि ग्रंथ में कहा गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति श्रद्धाभक्तिपूर्वक ज्येष्ठीपूर्णिमा को छाता, जूता, तिल, सत्तू, जल का घड़ा जो जलपूरित हो तथा पंख, खस, चंदन आदि का दान करता है, वह भगवान विष्णु की प्रीति को प्राप्त कर लेता है। ज्योतिषशास्त्र के संहिता ग्रंथों में ज्येष्ठ पूर्णिमा को वायु परीक्षण द्वारा आगामी वर्षा ऋतु में होने वाली वर्षा का अनुमान कर लेने के योग बताए गए हैं। नारद संहिता में कहा है कि ङ्क

**पूर्णिमायाममायां वा ज्येष्ठे व्योमान्वितं घनै: ।**
**दिवा वा यदि वा रात्रौ तदाज्ञेयमवर्षणम्।।**

अर्थात ज्येष्ठ पूर्णिमा या अमावस्या में आकाश दिन अथवा रात्रि में घनाच्छादित हो तो वर्षाऋतु में अवर्षण जानना चाहिए। नारद पुराण के अनुसार, ज्येष्ठमास की पूर्णिमा को वटसावित्री व्रत का पारण करना चाहिए। इस दिन महिलाएं उपवास कर अमृत के समान मधुर जल से वटवृक्ष को सींचे और सूत से उस वृक्ष को 108 बार प्रदक्षिणा करती हुई लपेट दें। पुन: परम पतिव्रता सावित्री देवी से प्रार्थना करें-

## कृष्णपिङ्गल संकष्टी चतुर्थी के दिन जरूर करें इस चालीसा का पाठ, जीवन की हर बाधा होगी दूर



हर महीने के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना के लिए शुभ मानी जाती है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने का विधान है। वैदिक पंचांग के अनुसार इस बार ज्येष्ठ माह में कृष्णपिङ्गल संकष्टी चतुर्थी मनाई जाती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, 14 जून को कृष्णपिङ्गल संकष्टी चतुर्थी का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन महादेव के पुत्र भगवान गणेश की भक्त पूजा करते हैं। साथ ही विशेष चीजों का दान करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, कृष्णपिङ्गल संकष्टी चतुर्थी व्रत और पूजा करने से साधक के जीवन में आ रही बाधा से छुटकारा मिलता है। साथ ही कारोबार में सफ्लता मिलती है। अगर आप भी गणपति बप्पा को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो कृष्णपिङ्गल संकष्टी चतुर्थी के दिन गणेश चालीसा का पाठ करें। इससे गणपति बप्पा की कृपा बरसेगी। आइए पढ़ते हैं गणेश चालीसा।

**गणेश चालीसा**

॥ दोहा ॥
जय गणपति सदगुण सदन,
कविवर बदन कृपाल ।
विघ्न हरण मंगल करण,
जय जय गिरिजालाल ॥

॥ **चौपाई** ॥
जय जय जय गणपति गणराजू ।
मंगल भरण करण शुभ: काजू ॥
जै गजबदन सदन सुखदाता ।
विश्व विनायका बुद्धि विधाता ॥
वक्र तुण्ड शुची शुण्ड सुहावना ।
तिलक त्रिपुण्ड भाल मन भावन ॥
राजत मणि मुक्तन उर माला ।
स्वर्ण मुकुट शिर नयन विशाला ॥
पुस्तक पाणि कुठार त्रिशूलं ।
मोदक भोग सुगन्धित फूलं ॥
सुन्दर पीताम्बर तन साजित ।
चरण पादुका मुनि मन राजित ॥
धनि शिव सुवन षडानन भ्राता ।
गौरी लालन विश्व-विख्याता ॥
ऋद्धि-सिद्धि तव चंवर सुधारे ।
मुषक वाहन सोहत द्वारे ॥
कहौ जन्म शुभ कथा तुम्हारी ।
अति शुची पावन मंगलकारी ॥
एक समय गिरिराज कुमारी ।
पुत्र हेतु तप कीन्हा भारी ॥

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# डायरिया, डेंगू, मलेरिया एवं फाइलेरिया से बचाव ही सावधानी : कलेक्टर

## मौसमी बीमारी की रोकथाम हेतु जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न, जिले में 16 जून से 31 जुलाई 2025 तक स्टॉप डायरिया कैम्पेन 2025 का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की ने आज कलेक्टोरट सभाकक्ष में मौसमी बीमारी डायरिया, डेंगू, मलेरिया एवं फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 16 जून से 31 जुलाई 2025 तक स्टॉप डायरिया कैम्पेन 2025 आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य 0 से 5 वर्ष के बच्चों में मृत्यु दर की कमी लाना है। कार्यक्रम अंतर्गत मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा घर घर भ्रमण कर 0 से 5 वर्ष के बच्चों वाले घरों में ओआरएस पैकेट एवं जिंक टेबलेट वितरण किया जाएगा। साथ ही ओआरएस बनाने की विधि एवं हाथ धोने का विधि का प्रदर्शन भी किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि मौसमी बीमारियों डायरिया, डेंगू, मलेरिया एवं फाइलेरिया से बचाव के लिए जनसामान्य में आवश्यक सावधानी, सर्तकता एवं जागरूकता के लिए कार्य करें। उन्होंने बारिश को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य केन्द्रों में एण्टी स्नैक वैनम की दवाई रखने के लिए कहा। उन्होंने स्कूलों में बच्चों को हैण्डवाश करने के तरीके सिखाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि डायरिया, डेंगू, मलेरिया एवं फाइलेरिया से बचाव ही सावधानी है। उन्होंने अंतर विभागीय समन्वय से कार्यालय, निवास एवं आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई रखने तथा पानी जमा नहीं होने दें। उन्होंने नगर निगम को शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील कि है कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियों के प्रति आवश्यक सावधानी रखें एवं सुरक्षात्मक उपायों का पालन करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने नहीं दें। कूलर में



पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पनपने का खतरा रहता है। कूलर का उपयोग नहीं होने पर उसका पानी खाली कर दें एवं जो कूलर चालू है, उसे प्रति सप्ताह खाली कर साफ कर भरे, घर की छत पर रखें गमलों या अन्य चीजों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खाली करना चाहिए क्योंकि इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्ढों में पानी जमा नहीं होने दें एवं जमा पानी के गड्ढे में जला हुआ तेल डाल दें। जिससे आक्सीजन नहीं मिलने के कारण मच्छर का लार्वा नष्ट हो जाता है, मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। घर के दरवाजो में जाली लगवाएं, पैरों में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। शौच हेतु टॉयलेट की उपयोगिता एवं स्वच्छता गके बारे में जानकारी दी जाएगी। समुदाय स्तर पर डायरिया की जागरूकता हेतु वालराइटिंग नारा लेखन किया जाएगा। समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में ओआरएस, जिंक कॉर्नर की स्थापना की जाएगा। स्कूलों, आउटरिच सत्रों एवं वीएचएसएनडी एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में हाथ धोने की विधि का प्रदर्शन, भोजन के पहले साबुन से हाथ धोने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि डेंगू, मलेरिया एवं फाइलेरिया एडीज एजिप्टीएक ऐसा मच्छर है, जो डेंगू बुखार, चिकनगुनिया, जीका बुखार, मायरो बुखार के वायरस और अन्य रोग एजेंटों को फैला सकता है। विशेषकर बारिश के मौसम की शुरूआत के साथ ही मच्छरों के प्रजनन और परिणामस्वरूप महामारी में वृद्धि होती है। एडीज एजिप्टी मच्छर सबसे ज्यादा सुबह और शाम को और छायादार क्षेत्रों में पाए जाते हैं। यह पूरे साल या अनुकूल स्थिति में किसी भी समय संक्रमण फैला सकते हैं। इससे बचाव हेतु सभी को आवश्यक उपाय अपनाना चाहिए। डेंगू रोग के विषय में जनजागरूकता के लिए जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर डेंगू से बचाव से संबंधित नारा लेखन, मितानिन यात्रा व कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें लोगों को डेंगू होने के कारण, इसके लक्षण तथा इससे बचाव से संबंधित आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई तथा जिले के समस्त विभागों के आवश्यक सहयोग से बीमारी से बचा जा सकता है एवं किसी प्रकार का बुखार होने पर चिकित्सक की सलाह ले। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्री मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दीनदयाल (दीनू) साहू बने सरपंच संघ के अध्यक्ष..

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकास खंड छुरिया में सरपंच संघ के पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति



से सरपंच संघ के अध्यक्ष के लिए दीनदयाल (दीनू) साहू को मनोनीत किया गया ।बता दें कि ग्राम पंचायत करमरी में सरपंच पद के लिए हुए चुनाव में भी दीनदयाल साहू ने शानदार जीत दर्ज किया था। दीनदयाल साहू भा.पि.व.मो.राजनांदगांव के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं परिक्षेत्र साह समाज कलडबरी के अध्यक्ष भी हैं। सरपंच संघ के अन्य पदाधिकारी में संरक्षक नरेश शुक्ला,मंजू साहू, उपाध्यक्ष महेश सोनवानी,दुधनाथ मंडावी, सीमा कंवर, कुमारी बाई चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष नूनकरन भुआर्य सचिव अजय साहू,सह सचिव महेन्द्र सिंह, हीरा लाल नेताम, क्षमा तिवारी, खुशबू साहू को मनोनीत किया गया। दीनदयाल (दीनू) साहू के सरपंच संघ के अध्यक्ष बनने पर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बधाई दी है।

## हॉल ए राजस्व, तहसील कार्यालय राजनांदगॉव, पक्षकार ही कर रहे प्रकरण की सुनवाई - दीपा रामटेके

### तीन माह में नहीं आया पटवारी प्रतिवेदन, अन्य पक्षकारों को नोटिस भी जारी नहीं


**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अधिवक्ता श्रीमती दीपा रामटेके ने जिलाधीश महोदय राजनांदगॉव के पास ममता नगर के गार्डन में अवैध कब्जा कर निर्माण की शिकायत सहित प्रकरण दाखिल किया था जिसे तत्कालिक कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल जी ने स्वयं सुनवाई ना करते हुए, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगंव को भेज दिया, जिसे तहसीलदार राजनांदगॉव को भेज दिया, जबकि उक्त प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व तहसीलदार सहित नगर पालिक निगम को भी पक्षकार बनाया गया है. बाकायता



तहसीलदार ने ऑफलाईन प्रकरण 19 मार्च को दर्ज किया और आदेश पत्रक में अनावेदक को आहूत करने व हल्का पटवारी से रिपोर्ट का लेख है, तब से 6 सुनवाई पर भी ना तो हल्का पटवारी ने प्रतिवेदन दिया है और ना ही संबंधित अन्य पक्षकारों को प्रकरण में उपस्थित होने का विधिवत नोटिस जारी किया है. प्रकरण को देखने से लगता है कि इस गंभीर मुद्दे को सभी प्रशासनिक अधिकारी टॉल रहे है, या तो पटवारी की पहुच वाला है जो तहसीलदार के प्रतिवेदन प्रस्तुत हेतु जारी नोटिस पर भी निर्धारित समय पर प्रतिवेदन नहीं दें रहा है. अक एर सरकार सहित आला अधिकारी शिविर व कैम्प लगाकर लोगों की समस्याओं का दावा कर रहें वहीं राजस्व प्रकरण के त्वरित निराकरण के लिये तहसीलों में शिविर लगा रहें है. जबकि पूर्व से लंबित प्रकरण वैसे के वैसे ही लंबित पडे है. यह एक प्रशासनिक लापरवाही है, जो भ्रष्टाचार को जन्म देती है. ऐसे अधिकारी, कर्मचारी, पटवारी पर वैधानिक कार्यवाही होनी चाहियें. श्रीमती दीपा रामटेके ने प्रेस को बताया कि वे तहसीलदार राजनांदगॉव सहित हल्का पटवारी की लिखित शिकायत कलेक्टर राजनांदगॉव सहित शासन को आज करेगी, यदि इस प्रकरण में त्वरित सुनवाई नहीं हुई तो वे हाईकोर्ट में प्रकरण लगायेगी.

## सद्गुरू कबीर का 627वाँ प्राकट्य उत्सव आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 11 जून 2025 दिन बुधवार को स्थान नंदई में सद्गुरू कबीर का 627वाँ



प्राकट्य उत्सव आप सभी के सहयोग से मनाया जा रहा है । पंथ श्री प्रकाशमुनि नाम साहेब जी की कृपा से महंत अमरदास गुरूजी ग्राम- हालेकोसा, जिला राजनांदगांव के द्वारा सत्संग भजन मंडली के सानिध्य में सत्संग प्रवचन भजन एवं सात्विक चौका आरती कार्यक्रम रखा गया है । जिसमें शहर के गणमान्य नागरिक माननीय महापौर श्री मधुसूदन यादव जी और छत्तीसगढ़ पर्यटक मंडल के अध्यक्ष माननीय नीलू शर्मा जी एवं श्रीमान कोमल सिंह राजपूत एवं शहर के गणमान्य नागरिक एवं कबीर भक्तजन इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर सतगुरू कबीर अमृतवाणी का लाभ लेंगे और इस कबीर प्रकट उत्सव में सतगुरू कबीर अमृतवाणी कार्यक्रम का लाभ उठावें। उक्त कार्यक्रम की जानकारी सदगुरू कबीर समिति नंदई आयोजन समिति के प्रचारक भागवत साहू एवं विजय साहू के माध्यम से दी गई।

## जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन

पदमराज सिंह ठाकुर

**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला कबीरधाम द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन इस वर्ष भी 16 मई 2025 से 06 जून 2025 तक किया गया। यह शिविर जिले के चारों विकासखण्डों बोड़ला (इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम), पंडरिया (विद्यालय खेल मैदान नवापारा पांडातराई), कवर्धा (विद्यालय खेल मैदान झलमला), तथा सहसपुर लोहारा (विद्यालय खेल मैदान, विरेन्द्र नगर) में आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य जिले के युवाओं में खेलों के प्रति अभिरुचि जागृत करना तथा उन्हें विभिन्न खेल विधाओं में प्रशिक्षण प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण शिविर में हॉकी, बॉलबैडमिंटन, व्हॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, कराते, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, हैंडबॉल, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल एवं क्रिकेट सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्रशिक्षित खेल प्रशिक्षकों द्वारा प्रात: एवं सायं सत्रों में प्रदान किया गया।



## एनबीआईएस, बोरी में ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क स्वीमिंग कक्षाओं का आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में इस वर्ष शाला के ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग अलग तरीके से किया गया। शाला द्वारा इस वर्ष शाला के बच्चों के लिए नि :शुल्क स्वीमिंग कक्षाओं का आयोजन किया गया। शाला के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी द्वारा यह पहला प्रयास है ताकि बच्चे पानी में सुरक्षित रहे। स्वीमिंग कक्षाओं में शाला के 200 बच्चों ने स्वीमिंग के गुण सीखें। शहर में यह पहला अवसर है जब किसी संस्था द्वारा नि:शुल्क स्वीमिंग सिखाई गई। श्री बाजपेयी का कहना है कि हम सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं को नहीं रोक सकते किन्तु तैराकी सीखकर पानी की दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। स्वीमिंग हमारे संपूर्ण शरीर के लिए लाभदायक व्यायाम है, जो हमें मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखती है। प्रथम वर्ष के इस स्वीमिंग कक्षाओं की पालकों ने खूब सराहना की। पालकों द्वारा आगे भी इस तरह के गतिविधि कक्षाओं के संचालन की बात कही गई।

## सूदखोरी के शिकंजे में शिक्षक! 4 लाख के बदले 40 लाख वसूलने वाली महिला सूदखोर के खिलाफ पुलिस का शिकंजा

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** थाना पिपरिया में एक शासकीय शिक्षक राधेलाल डहरिया, निवासी वार्ड क्रमांक 12, इंदौरी द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने ग्राम झलमला की निवासी श्रीमती शकुन उर्फ सतनाम खुराना उर्फ सतनाम खुराना पति सतबीर उर्फ लक्की खुराना द्वारा वर्षों से सूदखोरी कर



मानसिक, आर्थिक व सामाजिक रूप से प्रताड़ित करने की गंभीर शिकायत दर्ज कराई। प्रार्थी के अनुसार उसके द्वारा वर्ष 2018 में घरेलू आवश्यकताओं हेतु शकुन खुराना से ?4,00,000 उधार लिया गया था, जिस पर आरोपी महिला द्वारा अवैध रूप से 10त्न मासिक ब्याज वसूला गया। वर्षों तक पीड़ित ने ज़मीन बेचकर, बैंक से लोन लेकर लगभग ?40,00,000 से अधिक की राशि चुका दी, फिर भी आरोपी महिला द्वारा धमकी, अश्लील गाली-गलौज, परिवार को अपमानित करना, तथा झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी जाती रही। 03 जून 2025 को आरोपी महिला अपने पति के साथ पीड़ित के घर पहुंचकर दबावपूर्वक चार हस्ताक्षरित कोरे चेक प्राप्त कर जबरदस्ती साथ ले गई। यही नहीं, पीड़ित के स्कूल में भी पहुँचकर बार-बार फोन के माध्यम से ब्लैकमेल किया गया।उक्त आवेदन के आधार पर थाना पिपरिया में मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध क्रमांक 175/2025 अंतर्गत धारा 294, 351(2), 308(2) भारतीय न्याय संहिता (क्चहृस्) एवं छत्तीसगढ़ ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 की धारा 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

आवश्यक सूचना

18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा-युति को अपने काम, पढ़ाई के साथ बिना जॉब किए जरूरत से ज्यादा बड़ी इंकम, पद और डिग्री तीनों एक साथ बनाना सीखाया जाता है:



एडमिशन ओपन फॉर ऑल...

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे हरि ॐ नगर

ऋषि कुंज, राजनांदगांव, मो. 9425554092

## ऑपरेशन जीवन रक्षा- चलती ट्रेन में फंसे यात्री की जान बचाकर आरपीएफ अधिकारी ने पेश की बहादुरी की मिसाल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे एक यात्री की जान उस समय खतरे में पड़ गई जब वह असंतुलित होकर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच लटकने लगा। लेकिन मौके पर डटे एक सतर्क और जांबाज़ अधिकारी ने बिना एक पल गंवाए अपनी जान जोखिम में डालकर उसे मौत के मुंह से खींच लाया।

यह घटना आज दिनांक 10 जून 2025 को सुबह लगभग 11.09 बजे राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर घटी, जब गाड़ी संख्या 07005 चेरला पल्ली से रक्सौल एक्सप्रेस स्टेशन से रवाना हो रही थी। प्लेटफॉर्म पर निगरानी में लगे रेलवे सुरक्षा बल के अपराध गुप्तचर शाखा, गोंदिया के प्रभारी निरीक्षक श्री समीर खलखो एवं सहायक उपनिरीक्षक आर.एस. बागड़ेरिया वहां मौजूद थे। जैसे ही एक यात्री ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में फिसला और ट्रेन के साथ घिसटता हुआ पटरी और



प्लेटफॉर्म के बीच फंसने लगा, निरीक्षक समीर खलखो ने बिना समय गंवाए उस व्यक्ति को दौड़कर खींचकर बाहर निकाल लिया। यह पूरी घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। रेलवे सुरक्षा बल के मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री दीप चंद्र आर्य के मार्गदर्शन में नागपुर मंडल के ऋक्कस्न अधिकारी न सिर्फ रेल संपत्ति की सुरक्षा बल्कि यात्रियों की जान की रक्षा के लिए भी हमेशा तत्पर रहते हैं।निरीक्षक समीर खलखो का यह कार्य न केवल साहस और सतर्कता का प्रतीक है, बल्कि यह इस बात की भी मिसाल है कि ड्यूटी निभाते समय एक अधिकारी अपने कर्तव्य के लिए किस हद तक जा सकता है। रेलवे सुरक्षा बल की ओर से यात्रियों से बार-बार यह अपील की जाती है कि—आपका जीवन अनमोल है, चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने की कोशिश कभी न करें। इस घटना से एक बार फिर यह साफहो गया है कि ऋक्कस्न केवल कानून व्यवस्था ही नहीं संभालता, बल्कि ज़रूरत पड़ने पर इंसानियत की सबसे बड़ी मिसाल भी पेश करता है।

## 627 वा कबीर जयंती महोत्सव कबीर आश्रम सुंदरा मे आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 11 जून दिन बुधवार को कबीर आश्रम सुंदरा में कबीर जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे से बीजक पाठ एवं भजन सत्संग दोपहर 2बजे तक,भोजन प्रसादी दोपहर 3 बजे से,आयोजक जितेंद्र साहेब,साध्वी एम करुणा साहेब,साध्वी आत्मप्रेम साहेब ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाने काआग्रह किया है।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com